भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1706
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए पर्यटन परियोजनाएं

†1706 श्री चन्देश्वर प्रसाद:
श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में पर्यटन के विकास के लिए अनुमोदित, स्वीकृत और निष्पादित परियोजनाओं का चालू वर्ष सहित पिछले तीन वर्षो के दौरान वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूरी हुई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाएं कब तक पूरी होने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं के पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या बिहार राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो बिहार राज्य में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के साथ उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ''स्वदेश दर्शन'' ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन'' और ''पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता'' योजनाओं के अंतर्गत बिहार सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत बिहार राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति सहित जारी की गई राशि और उपयोग की गई राशि का विवरण अनुबंध में दिया गया है। इन पर्यटन गंतव्यों/स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए उक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत् प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित नियमों की पूर्ति, प्रचालन व्यवहार्यता तथा निधियों की उपलब्धता के अध्याधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

****

अनुबंध

बिहार में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न †1706 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि	भौतिक स्थिति (%)
1.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	30.04	26.19	पूर्ण
2.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवड़िया मार्ग का विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला – देवघर	44.76	42.52	40.51	पूर्ण
3.	बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	93.22	93.22	पूर्ण
4.	बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्राहिया – तुर्कोलिया का विकास	44.27	39.96	35.72	पूर्ण
5.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	39.34	पूर्ण
6.	-	मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	15.07	14.32	14.16	पूर्ण

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि	भौतिक स्थिति (%)
1.	बिहार	पटना साहिब का विकास	2015-16	41.54	33.23	31.47	100%
2.		विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास	2014-15	4.27	2.91	2.91	100%

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	परियोजनाओं का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि	स्थिति
वर्ष 2013-14							
1.	बिहार	रेल मंत्रालय के सहयोग से गया रेलवे स्टेशन में पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.18	4.14	प्राप्त नहीं हुई है।	जारी है।

****